www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

- अंतरर्ष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

15 अप्रैल 2024

# अंगारा A5 रॉकेट :

- रूस ने पहली बार अपने **अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट** का परीक्षण किया|
- यह टेस्ट लॉन्च सुदूर पूर्व में **वोस्तोचन कोस्मोड्रोम** से किया गया|
- यह 54.5 मीटर (178.81 फुट) का तीन चरणों वाला रॉकेट जिसका **वजन लगभग 773 टन** है **लगभग 24.5 टन वजन** अंतरिक्ष में ले जा सकता है|
- यह **रूस का तीसरा परीक्षण** था जो सफल हुआ|

## अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट :-

- **सोवियत संघ के विखंडन के बाद यह पहला रूसी अंतरिक्ष रॉकेट** है|
- रूस ने **वर्ष 1991** में सोवियत संघ के विखंडन के बाद एक रूसी-निर्मित लॉन्च वाहन के रूप में **'अंगारा'** परियोजना शुरू की, **जिसने 'बैकोनूर कॉमोड्रोम'** के बिना भी अंतरिक्ष तक पहुंच सुनिश्चित की, जिसे रूस ने कजाकिस्तान से किराए पर ले लिया था|
- **नामकरण:** इस रॉकेट का नाम साइबेरियाई नदी **'अंगारा'** के नाम पर रखा गया है|
- **अंगारा** साइबेरिया की एक प्रमुख नदी है, जो रूस के **इरकुत्स्क ओब्लास्ट** और **क्रोनोयार्स्क क्राय** से निकलती है|
- पहला **अंगारा-ए5** परीक्षण **वर्ष 2014** में और **दूसरा वर्ष 2020** में **उत्तरी रूस** के **प्लेसेत्स्क** में हुआ|
- **वर्ष 2021** में एक आंशिक परीक्षण किया गया, जो जारी रहा|



# विश्व का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क :

- हाल ही मे अदाणी समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात के कच्छ जिले के खेवड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बना रही है|
- यह पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है जो फ्रांस की राजधानी पेरिस के कुल आकार से करीब पांच गुना बड़ा है|

**खेवड़ा प्लांट के बारे में;-**

- कुल क्षमता : 30 गीगावाट
- अदाणी समूह इस कंपनी में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी|
- इस पार्क से दो गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन किया जा रहा है|
- मार्च 2025 तक चार गीगावाट क्षमता और जुड़ जाएगी|
- हर वर्ष पांच गीगावाट क्षमता बढ़ाई जाएगी|



# एशियाई विकास बैंक :

- हाल ही मे एशियाई विकास बैंक (एडीबी) अपनी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि **वित्त वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 7 फीसद और वित्त वर्ष 2025 में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.2 फीसद** रह सकती है|
- जबकि इन दो वर्षों में चीन की सालाना विकास दर के **क्रमश: 4.8 फीसद** और **4.5 फीसद** रहने की बात कही गई है|
- एडीबी की तरफ से जारी रिपोर्ट पूरे एशिया व प्रशांत क्षेत्र के देशों को लेकर है | इसमें शामिल **62 देशों** में सिर्फ पलाऊ (उत्तरी प्रशांत महासागर में स्थित छोटा सा द्वीप, इकोनमी का आकार महज 30 करोड़ डॉलर) ही एक मात्र देश है जिसकी आर्थिक विकास दर **8 फीसद भारत से ज्यादा रहने की बात** कही गई है|
- दक्षिण पूर्वी एशियाई क्षेत्र में कभी एशियन टाइगर के नाम से प्रसिद्ध देशों की आर्थिक विकास की रफ्तार भी भारत से काफी कम रहने की संभावना है|
- भारत सरकार की तरफ से किया जाने वाले पूंजीगत खर्चे को भी तेज विकास दर के लिए जरूरी बताया गया है | भारत की नई सरकार की तरफ से गरीब जनता को घर दिलाने को लेकर कुछ बड़ी घोषणाओं की संभावना जताते हुए एडीबी ने कहा है कि इससे पूरी इकोनॉमी पर असर होगा|
- भारत सरकार को यह सुझाव दिया गया है कि उसे भारतीय मैन्यूफैक्चरिंग को वैश्विक सप्लाई चेन के साथ जोड़ने में और कदम उठाने होंगे|

## एशियाई विकास बैंक :-

- **स्थापनाः** 1966
- **मुख्यालयः** मनीला (फिलीपींस)
- **सदस्यताः** भारत सहित 68 सदस्य
- सबसे बड़े शेयरधारकः जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका
- **कार्य:** ADB सामाजिक और आर्थिक विकास परियोजनाओं के लिए ऋण, तकनीकी सहायता, अनुदान एवं इक्विटी निवेश प्रदान करता है|




- **ADB द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख रिपोर्ट्सः** एशिया-पैसिफिक ट्रेड फैसिलिटेशन रिपोर्ट, एशिया बॉन्ड मॉनिटर आदि|

# माउंट एटना ज्वालामुखी :

- इटली के कैटेनिया में हाल ही मे एटना ज्वालामुखी का दक्षिण-पूर्वी गड्ढा, गैसों और भाप के छल्लों का उत्सर्जन करता दिखाई दिया|
- यह बेहद दुर्लभ नजारा है, यह तब होता है जब नया क्रेटर बनता है।
- यह तब होता है जब ज्वालामुखी के पेट से गर्म गैस और भाप एक साथ निकलती है |तब क्रेटर से धुआं ऐसे निकलता है, जैसे कोई इंसान सिगरेट के धुएं से छल्ले बनाता है|
- इन छल्लों को वॉल्कैनिक वॉरटेक्स रिंग्स (Volcanic Vortex Rings) कहते हैं|



## माउंट एटना ;-

- माउंट एटना दुनिया का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है|
- यह सिसिली (इटली) के पूर्वी तट पर स्थित है|
- यह यूरोप का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी भी है|
- यह भूमध्य सागर क्षेत्र के अत्यधिक सक्रिय विवर्तनिकी (Tectonic) जोन में स्थित है|
- यह क्षेत्र मध्य-महाद्वीपीय ज्वालामुखी बेल्ट का हिस्सा है|
- सक्रिय ज्वालामुखियों वाली अन्य बेल्ट हैं- सर्कम-पैसिफिक बेल्ट (रिंग ऑफ फायर) और मध्य-अटलांटिक बेल्ट|

## रिंग ऑफ फायर;-

- रिंग ऑफ़ फायर प्रशांत महासागर के चारों ओर विस्तृत ज्वालामुखीय व भूकम्पीय श्रृंखला है , इसी कारण इसे 'रिंग ऑफ़ फायर' नाम दिया गया है| जहाँ लगभग 450 ज्वालामुखी और विश्व के 75% सक्रिय ज्वालामुखी पाए जाते हैं|
- यह प्रशांत महासागर में दक्षिण अमेरिका और उत्तर अमेरिका महाद्वीप से लेकर पू र्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड तक विस्तृत घोड़े की नाल के आकार जैसे क्षेत्र को दिया गया नाम है|
- पिछले सालों में हुए 25 सर्वाधिक विनाशकारी ज्वालामुखी 'रिंग ऑफ़ फायर' के सहारे ही आये हैं, जो स्थलमंडलीय प्लेटों के संचलन और अभिसरण के परिणाम थे|
- इस क्षेत्र के ज्वालामुखीय दृष्टि से सक्रिय होने का प्रमुख कारण इसका क्षेपण मंडल में स्थित होना है |यह एक ऐसा मंडल होता है जहाँ स्थलमंडलीय प्लेटें आपस में टकराती हैं|

# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. भारत सरकार के द्वारा 2024-25 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य कितना निर्धारित किया गया है?

    (A) 150 मिलियन टन  (B) 160 मिलियन टन
    (C) 170 मिलियन टन  (D) 180 मिलियन टन

Ans;-170 मिलियन टन

2. अंगारा A5 रॉकेट का सफल परीक्षण किस देश ने किया है?

    (A) अमेरिका  (B) चीन
    (C) रूस  (D) जापान

Ans;-रूस

3. विश्व का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क निर्माण किस स्थान पर किया जा रहा है?

    (A) गांधीनगर  (B) खेवड़ा
    (C) इंदौर  (D) दिल्ली

Ans;-खेवड़ा

4. डॉ. अम्बेडकर की 134वीं जयंती कब मनाई गई है?

    (A) 13 अप्रैल  (B) 14 अप्रैल
    (C) 15 अप्रैल  (D) 16 अप्रैल

Ans;-14 अप्रैल

5. लक्षद्वीप में शाखा खोलने वाला देश का पहला निजी बैंक कौन बना है?

    (A) एचडीएफसी बैंक  (B) यूको बैंक
    (C) फ़िनो बैंक  (D) बैंक ऑफ़ इंडिया

Ans;-एचडीएफसी बैंक

6. जनकपुरधाम सांस्कृतिक महोत्सव 2024 का आयोजन किस देश में किया गया है ?

    (A) पाकिस्तान  (B) चीन
    (C) नेपाल  (D) भूटान

Ans;-नेपाल